पाठ्यक्रम (प्रधान शिक्षक)

पूर्णांक-75

सामान्य अध्ययन

इस विषय में ज्ञान विज्ञान के निम्नलिखित क्षेत्रों से सम्बन्धित प्रश्न होंगे:-

- सामान्य विज्ञान।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनाएँ।
- भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन तथा इसमें बिहार का योगदान।
- भूगोल।
- भारतीय राजव्यवस्था।
- प्रारम्भिक गणित और मानसिक क्षमता परीक्षण।

उपर्युक्त विषयों का विवरण इस प्रकार है:-

- सामान्य विज्ञान के अन्तर्गत दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षण से सम्बन्धित विषयों सहित विज्ञान की सामान्य जानकारी तथा परिबोध पर ऐसे प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन नहीं किया है।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के वर्तमान घटनाओं पर बिहार सहित प्रश्न पूछे जायेंगे।
- भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के अन्तर्गत उन्नीसवीं शताब्दी के पुनरूत्थान के स्वरूप और स्वभाव, राष्ट्रीयता का विकास तथा स्वतंत्रता प्राप्ति से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षार्थियों से आशा की जाती है कि वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बिहार की भूमिका पर पूछे गए प्रश्नों के भी उत्तर दें।
- "भारत तथा बिहार का भूगोल" के अन्तर्गत देश के सामाजिक तथा आर्थिक भूगोल से सम्बन्धित प्रश्न होंगे, जिनमें भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक साधनों की प्रमुख विशेषताएँ सम्मिलित होंगी।
- भारत की राज्य व्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय संविधान देश की राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, विकास योजना सम्मिलित होंगे।
- प्रारम्भिक गणित और मानसिक क्षमता जाँच पर प्रश्न।